प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

05.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

लोकसभा–किसान

केंद्रीय कृषि वं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों में किसानों की आय बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के बैंक खातों में चार लाख करोड़ रुपये सीधे हस्तांतरित किए गए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार ने किसानों को 14 लाख करोड़ रुपये से अधिक की उर्वरक सब्सिडी भी प्रदान की है।

इंदु गोस्वामी

केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में चार स्थानों पर स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के माध्यम से खेतों में खाद का छिड़काव किया जा रहा है। राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस समय देश के 22 राज्यों में एक हजार 94 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा ड्रोन तकनीक के उपयोग से खेतों में खाद का छिड़काव किया जा रहा है। रामनाथ ठाकुर ने बताया कि केंद्र द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शुरू की गई नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत वर्ष 2023–24 से दो हजार 25–26 तक एक हजार दो सौ 61 करोड़ रूपए का बजट प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि अग्रणी फर्टीलाईजर कंपनीयों ने वर्ष 2023–24 के दौरान स्वयं सहायता समूहों की ड्रोन दीदियों को कृषि क्षेत्र में उपयोग के लिए एक हजार 94 ड्रोन वितरित किए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि नमो ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत प्रदान किए गए पांच सौ ड्रोन के उपयोग पर किए गए अध्ययन से पता चला है कि इससे कृषि क्षेत्र में सुधार के साथ–साथ किसानों की आमदनी में इज़ाफा हुआ है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि भाजपा 13 से 15 अगस्त तक प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए बिंदल ने ये जानकारी दी।

बिंदल ने कहा कि भाजपा की 17 जिला कार्यकारिणीयों की घोषणा हो चुकी है और जल्द ही पार्टी की प्रदेश टोली की घोषणा भी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन अभेद्य है और आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मॉनसून की वर्षा का क्रम रुक–रुक कर जारी है और कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश से भूस्खलन व जल भराव की स्थिति बनी है। प्रदेश के कई स्थानों पर नदी–नाले उफान पर हैं और लोगों से सतर्क रहने व प्रशासन के दिशा–निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। भारी वर्षा के चलते भूस्खलन से प्रदेश में चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग व 4 सौ 49 सड़कें यातायात

के लिए बाधित हैं। मौसम विभाग ने आज ऊना, बिलासपुर और कांगड़ा जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, जबकि हमीरपुर, मंडी और सिरमौर जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता............

वीओ... हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी वर्षा के चलते नदी–नाले उफान पर हैं मंडी ज़िला में कोल डैम का जलस्तर बढ़ गया है और डैम प्रबन्धन ने अतिरिक्त पानी छोड़े जाने की चेतावनी जारी की है वहीं ब्यास नदी का भी जलस्तर बढ़ने के कारण पंडोह डैम के गेटों से अतिरिक्त पानी छोड़ा जा रहा है । प्रशासन ने लोगों और पर्यटकों को नदी–नालों के समीप न जाने के निर्देश दिए हैं । प्रदेश भर में चार राष्ट्रीय उच्च मार्ग और 4 सौ 49 सड़कें यातायात के लिए बंद हैं। मंडी जिला में सबसे अधिक तीन राष्ट्रीय उच्च मार्ग बंद हैं, जिनमें मंडी–कुल्लू राष्ट्रीय उच्च मार्ग नौ मील के पास, मंडी–धर्मपुर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 3 कैंची मोड़ पर और मंडी–जोगिंदरनगर राष्ट्रीय उच्च मार्ग महिला थाना के पास बंद है। कुल्लू जिले में राष्ट्रीय उच्च मार्ग झेड खनग के पास अवरुद्ध है।

रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार शिमला

<u>यूपीआई लेनदेन</u>

एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस यानि यू.पी.आई आधारित दैनिक लेनदेन पहली बार 70 करोड़ को पार कर 70 करोड़ 70 लाख पहुँच गई है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, यह उपलब्धि 2 अगस्त को हासिल हुई। पिछले दो वर्षों में, दैनिक लेनदेन की संख्या दोगुनी हो गई है, हालाँकि लेनदेन राशि में वृद्धि पिछले वर्षों की तुलना में धीमी रही है। केंद्र सरकार ने यूपीआई के लिए प्रतिदिन सौ करोड़ लेनदेन हासिल करने का लक्ष्य रखा है। यूपीआई अब भारत में सभी डिजिटल लेनदेन का लगभग 85 प्रतिशत और दुनिया भर में सभी रीयल–टाइम डिजिटल भुगतानों का लगभग 50 प्रतिशत संचालित करता है।

———————————————————————————————————